आकाशवाणी श्री विजयपुरम

02.10.2024 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छता की प्रतिबद्धता जीवनभर की प्रतिज्ञा है।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता कार्यकर्ताओं और ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया।
- पूरे देश के साथ आज द्वीपसमूह में भी गांधी जयंती मनाई गई।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज आकाशवाणी श्री विजयपुरम में सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- अंडमान निकोबार राज्य विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से कैदियों के अधिकार को लेकर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छता की प्रतिबद्धता जीवनभर की प्रतिज्ञा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के प्रण लें। स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज नई दिल्ली में स्वच्छता ही सेवा दो हजार चौबीस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की अटूट भावना को नमन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के केवल पन्द्रह दिनों में देश में सत्ताईस लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें अट्ठाईस करोड़ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें महात्मा गांधी और देश की अन्य महान हस्तियों के सपनों के भारत को सच्चाई में बदलने के लिए प्रेरित करता है। श्री मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में सभी देशवासियों, स्वच्छता कार्यकर्ताओं, धार्मिक नेताओं, एथलीटों, मशहूर हस्तियों, और गैर सरकारी संगठनों तथा मीडिया कर्मियों के योगदान की सराहना की। श्री मोदी ने आज से शुरू की गई परियोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे स्वच्छ भारत मिशन को नई ऊंचाई मिलेगी। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छ भारत मिशन विश्व का सबसे बड़ा और लोगों की भागीदारी से तथा लोगों के नेतृत्व में चलाया गया इस सदी का सबसे सफल और वृहद आंदोलन है। प्रधानमंत्री ने स्वच्छता और साफ–सफाई से जुड़ी नौ हजार छः सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की। इन परियोजनाओं में अमृत और अमृत दो, स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन और गोबरधन योजना के तहत पन्द्रह संपीड़ित बायोगैस संयंत्र परियोजनाएं शामिल हैं।

<><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता कार्यकर्ताओं और ग्राम पंचायतों को सम्मानित करने के लिए राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास निदेशक के साथ ग्रामीण विकास और पंचायती राज सचिव अर्जुन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्थानीय नायकों को सम्मान दिया गया, जिन्होंने स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता विषय को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। ग्रामीण विकास सचिव ने अपने संबोधन में स्वच्छता को अपने जीवन शैली के रूप में अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए सफाई की आदतों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने द्वीपसमूह को देश का सबसे स्वच्छ राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश बनाने के लक्ष्य के लिए साप्ताहिक स्वच्छता अभियान की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छ और हरित पंचायत के लिए ठोस कचरा प्रबंधन की भूमिका पर प्रकाश डाला। ग्रामीण विकास निदेशक ने अपने संबोधन में स्वच्छता अभियान में सामुदायिक भागीदारी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए

कहा कि ग्रामीण जनता के सामूहिक प्रयासों से स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के लक्ष्यों को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने अभियान के दौरान विभिन्न पंचायतों में हितधारकों द्वारा समर्पण की भावना से आयोजित गतिविधियों की सराहना की। स्वच्छ भारत मिशन के राज्य नोडल अधिकारी ने सत्रह सितम्बर से लेकर एक अक्तूबर तक चले अभियान की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्वच्छता कार्यकर्ताओं को उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा अभियान के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कृत किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत शोलबे, सीपीघाट, हटबे, हरिनगर, शिवापुरम, किशोरीनगर और ग्राम पंचायत लक्ष्मीनगर शामिल हैं।

<><><><><><>

पूरे देश के साथ आज द्वीपसमूह में भी गांधी जयंती मनाया गया। मुख्य समारोह श्री विजयपुरम के गांधी पार्क में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उप–राज्यपाल ने गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। रामधुन का आयोजन हुआ। अंडमान निकोबार राज्य कांग्रेस समिति की ओर से भी पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदार, पार्टी नेताओं और अन्य कार्यकर्ताओं ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद अध्यक्ष, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य और पार्षद उपस्थित थे।

<><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज आकाशवाणी श्री विजयपुरम में सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। गैर सरकारी संगठन विद यू के सहयोग से आयोजित शिविर में डॉ. मनीष की टीम द्वारा श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सफाई कर्मियों और आकाशवाणी के कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में विद यू की अध्यक्षा वी के मरियम बीबी ने सभी से स्वच्छता अपनाने और अपने घरों से ही इसकी शुरूआत करने का अनुरोध किया। सामाजिक कार्यकर्ता आर के राज ने स्वच्छता को आदत बनाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में कई अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><>

आई टी आई डॉलीगंज, वी टी आई बकुलतला और आई टी आई एरोंग में विभिन्न ट्रेडों में कुछ सीटे रिक्त हैं। इच्छुक उम्मीदवार इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परामर्श में शामिल हो सकते हैं। आई टी आई डॉलीगंज में चार अक्तूबर को सुबह नौ बजे तथा आई टी आई एरोंग के लिए सात अक्तूबर को सुबह नौ बजे आई टी आई डॉलीगंज के मरीन वर्कशॉप में और वी टी आई बकुलतला में सात अक्तूबर को सुबह नौ बजे परामर्श रखा गया है। उम्मीदवारों से अपने मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><>

पेड़ों की कटाई किए जाने के कारण कल शोलबे–फरारगंज फीडर में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। कल सुबह आठ बजे से दिन में दो बजे तक गड्ढा टोली से राम नगर और फरारगंज जंक्शन से जिरकाटांग नम्बर दो तक के क्षेत्रों में कटौती की जाएगी। संबंधित कार्य मौसम पर निर्भर रहेगा।

<><><><><><>

जवाहर नवोदय विद्यालय, पंचवटी में सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस में कक्षा नवीं और ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म आमंत्रित किए गए हैं। परीक्षा अगले वर्ष आठ फरवरी को संस्थान में आयोजित की जाएगी। विवरणिका और आवेदन फॉर्म विद्यालय के वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि तीस अक्तूबर है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से आज प्रातरापुर ज़िला कारागार में कैदियों के अधिकार को लेकर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्राधिकरण के सदस्य सचिव भवानी शंकर शर्मा, फैमिली कोर्ट के न्यायाधीश दीपतेन्द्र नाथ मित्रा और न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुपम सिरकार ने शिविर को संबोधित किया। वक्ताओं ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम उन्नीस सौ सत्तासी के अंतर्गत कैदियों के अधिकारों और निशुल्क कानूनी सेवाओं के बारे में जानकारी दी। ज़िला कारागार अधीक्षक सपना प्रिया की उपस्थिति में यह शिविर आयोजित की गई।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। श्री विजयपुरम में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सत्ताईस दशमलव दो मिलीमीटर, हटबे में छब्बीस दशमलव दो, मायाबंदर में पच्चीस, लांग आइलैंड में पांच दशमलव चार और ननकौड़ी में तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>